संक्षिप्त

ऑपरेशन सिंदूर की रंगोली सजाई

भरतपुर (निस)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उत्साह के साथ भारतवर्ष में मातृशक्ति मना रही है। आज भरतपुर में इसी क्रम में श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में ऑपरेशन सिंदूर की रंगोली सजाई गई। जिसमें तिरंगा और ऑपरेशन सिंदूर में प्रयुक्त हुए अस्त्र शस्त्र को रंगोली के अंदर दर्शाया गया इस कार्यक्रम की संयोजिका कविता गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही श्री खाटू श्याम मंदिर के महंत रोहित महाराज ने दीप प्रज्वलित किया उसके पश्चात सभी बहनों ने दीपदान किया और हमारे देश की सेना को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। पूरा वातावरण भारत माता की जय वंदे मातरम भारतीय सेवा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। इस कार्यक्रम में महिला समन्वय की विभाग संयोजिका सोनिला गौड़ , विभाग संघ चालक श्री भागीरथ जी चौधरी, अनुराग जी गर्ग कोमल अनीता सिंह जी कल्पेश शर्मा जी रितु गर्ग आशा शर्मा कविता गोयल रिचा शर्मा अनूप आजाद वर्षा शर्मा दीपशिखा शर्मा शर्मिला शर्मा गुंजन चौधरी उषा मोनिका शर्मा श्वेता गोयल चारु गोयल कविता जी सविता जी करुणा अरविंद पाल जी दीपा जी डिंपल जी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आज से

करौली । करौली जिला कबड्डी संघ के तत्वाधान में प्रथम अंडर 15 से 18 वर्ष से कम उम्र के बालक और बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज रविवार 25 मई से 26 मई तक माथुर स्टेडियम के खेल मैदान पर किया जाएगा। सचिव आसिफा खानम ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालक वर्ग का वजन 70 किलो और बालिका वर्ग का वजन 65 किलोग्राम से कम होना चाहिए प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा टीमें भाग ले जिससे जिले की श्रेष्ठ टीम का चयन किया जा सके और राज्य स्तर पर करौली जिले का प्रतिनिधित्व कर सके प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालक और बालिका वर्ग के सभी खिलाड़ी अपने साथ मूल निवास,आधार कार्ड ,जन्म प्रमाण पत्र या बोर्ड की अंक तालिका और दो फोटो पासपोर्ट साइज के लेकर आवे और खिलाडी करौली जिले का मूल निवासी होना चाहिए प्रतियोगिता के सारे मैच प्रातः 6:00 बजे और शाम को 5:30 बजे बाद आयोजित किए जाएंगे प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम अपनी एंट्री आयोजन सचिव पुष्पेंद्र कुमार मीणा मोबाइल नंबर 967293 8136 पर सूचना दे दें जिससे प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा सके।

पुस्तकालय की सुविधा

भरतपुर (निस)। भरतपुर में रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राएँ महाविद्यालय के पुस्तकालय का उपयोग कर सकेंगी। प्राचार्य प्रो. सुजाता चौहान ने बताया कि राजस्थान सरकार बजट 2025-26 में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार की घोषणा एवं उसके अनुसार कार्य योजना के अनुसरण में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु छात्राओं को पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में नियमित छात्राओं के अतिरिक्त अन्य पाठक छात्राएँ पुस्तकालय का उपयोग कर सकेंगीं। इसके लिये उन्हें एक हजार रूपये की कॉशन मनी जमा करवानी होगी। पुस्तकालय छोड़ने पर तथा महाविद्यालय द्वारा निर्धारित अनुशासन आदि नियमों की पालना होने पर यह कॉशन मनी लौटा दी जायेगी। ध्यातव्य है कि उक्त योजना के अन्तर्गत राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2025-26 में राजस्थान के 36 कन्या महाविद्यालयों का चयन किया है।

योग दिवस 21 जून को

भरतपुर (निस)। भरतपुर में 21 जून को 11 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा जिसका काउंट डाऊन प्रोग्राम 20 मई से 20 जून तक मनाया जा रहा है। जिला कलैक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई मिटिंग में सभी विभागों को पूर्ण मनोयोग से अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये । डॉ इन्दू शर्मा उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भरतपुर के द्वारा योग के बारे में अपने विभागीय कर्तव्यों के बारे में बताया गया एवं सभी से अनुरोध किया गया कि योग दिवस को सफल बनाने हेतु जागरूक किया जावे । डॉ शर्मा ने बतया कि वर्तमान मै आयुर्वेद के सभी औषधालय चिकित्साल्यों में प्रतिदिन प्रातः योग प्र क्रिया करवायी जा रही है।

दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का भव्य समापन

करौली । ग्राम धांधूपूरा गूलरघटा की ढाणी नोनेटा में दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का समापन हुआ। इस धार्मिक आयोजन में हरि कीर्तन मंडल धांधूपुरा, अमरगढ़ चैकी,बाढ़ करसोली,सिलौती काछीपुरा की कीर्तन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियो से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। स्थानीय पार्टी के गायक भंवर, दयाराम,बनेसिंह,मुनेश ने बताया कि दंगल में धांधूपूरा की कीर्तन मंडली के गायक भंवरसिंह ने अंगद रावण संवाद को सुना कर श्रोताओं को भावविभोर किया वहीं सिलौती काछीपुरा के मेडिया प्यार सिंह, विष्णु सैनी ने राजा प्रद्युम्न जन्म की कथा सुनाकर धर्म और भक्ति का संदेश दिया।अमरगढ़ चैकी के मेडिया श्योज्ञान सैनी ने राजा हरिश्चंद्र की कथा प्रस्तुत कर धर्मपालन और सत्य की महिमा पर प्रकाश डाला। वहीं बाढ़ करसोली के मेडिया ने राजा भरतरी की कथा सुनाई जिसने सभी को संयम और त्याग की प्रेरणा दी।हर प्रस्तुति में भक्ति रस से ओतप्रोत कीर्तन और संवादों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने पूरे आयोजन का आनंद लिया।

समापन अवसर पर आयोजकों द्वारा सभी कीर्तन मंडलियों का साफा, माला पहनाकर एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर चैथी पटेल, रामखिलाड़ी सरपंच , रामफूल पटेल, शिवदयाल, राम जी लाल मेंबर, फूल सिंह, बबलू, कल्लन सहित स्थानीय हरि कीर्तन गायन पार्टी के सभी सदस्य एवं ग्राम वासियों की ओर से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस धार्मिक आयोजन के दौरान माली समाज के सातवें सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के प्रवक्ता गोपाल लाल माली, उपाध्यक्ष पन्नूसिंह, शिवचरण मेंबर, बाबूलाल भगत, धर्मी माली एवं सरपंच जगन्नाथ आदि के द्वारा प्रचार प्रसार सामग्री वितरित कर समाज बंधुओं से सामूहिक विवाह सम्मेलन से विवाह योग्य युवक, युवतियों के पंजीयन के लिए अपील की।

भारतीय सेना के साहस को सम्मान : करौली स्थानीय वीणा मेमोरियल पी जी कॉलेज मे राष्ट्रीय कैडेट कोर के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट-गाइड के सहयोग से भारत के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध स्वरूप एवं आतंक के विरुद्ध भारतीय सेना द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य के सम्मान में सेना सम्मान व तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ लक्ष्मन धाकड़ ने बताया कि रैली को सचिव विजय सिंह जादौन द्वारा हरी झंडी दिखा कर प्रारम्भ किया गया।

रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर शहर में यातायात पुलिस मुख्यालय,132 केवी जीएसएस होते हुए शहर के विभिन्न स्थानो से होकर निकाली गई। रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय कैडेट कोर की कैडेट तनिया अठावाल द्वारा किया गया व वन्देमातरम,भारत माता की जय,हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए रैली निकली गई। रैली में विभागाध्यक्ष रघुनंदन सिंह,राष्ट्रीय कैडेट कोर के ब्ज्व् मुनेश कुमार मीना,राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ भूपेंद्र पाल, स्काउट एवं गाइड के प्रभारी लल्लन यादव, डॉ केशव प्रसाद यादव,डॉ केशव पाराशर, टीकम चंद जांगिड़,गणेश मीना, डॉ सुरेश चंद माली,वीर सिंह माली,महेश शर्मा,मीडिया प्रभारी धीरज वाडिया व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

आज से नौतपा शुरू.लू से बचाव के लिए करे उपाय

करौली । आज रविवार से नौतपा के शुरू होते ही इन दिनों लू या तापघात की समस्या से लोगों को परेशानी होने की संभावना है जिसके लिए तेज धूप में बाहर निकलने से बचकर एवं खूब ठंडा पानी पीकर तापघात से बचा जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंतीलाल मीना ने बताया कि आज रविवार 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है जो 2 जून तक चलेगा। प्रचंड गर्मी से आमजन के आहत होने की संभावना रहती है हालांकि अप्रेल से जून के महिने तक तापघात की समस्या बनी रहती है लेकिन नौतपा वाले दिन अधिक परेशानी कारक होते हैं। उन्होंने बताया कि इन दिनों में वृद्ध,बच्चे,खिलाडी,धूप में काम करने वाले श्रमिकों पर तापघात का खतरा अधिक बना रहता है इसलिए बचाव के पर्याप्त उपाय करने चाहिए। उन्होंने बताया कि अधिक पसीना आना,गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा होना,उल्टियां होना,जी मचलना-सरदर्द,थकान व चक्कर आना,बेहोश होना सहित पुतलियां छोटी हो जाना लू या तापघात के लक्षण है।

सार-समाचार

पूर्व कमेटी को किया बहाल

करौली । करौली जिला क्रिकेट संघ की पूर्व कमेटी को खेल सचिव ने फिर से बहाल कर दिया है जिसको लेकर कमेटी के पदाधिकारी ने फैसले का स्वागत किया है। खेल सचिव नीरज के पवन ने ये आदेश - उप रजिस्ट्रार सहकारिता करौली की कार्रवाई पर रोक लगते हुए दिया है।उप रजिस्ट्रार ने जिला क्रिकेट संघ करौली की कार्यकारिणी को गलत तरीके से भंग करके एड हॉक कमेटी का गठन किया था,इसके खिलाफ जिला क्रिकेट संघ करौली द्वारा राजस्थान खेल सचिव के समक्ष अपील की गई थी इससे पहले उप रजिस्ट्रार सहकारिता के आदेश के खलिफ जिला क्रिकेट संघ करौली ने राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका भी कर दायर की गई थी जिस पर हाईकोर्ट के जज सुदेश बंसल ने यह कहते हुए याचिका निस्तारित कर दी थी कि खेल सचिव के समक्ष अपील दायर की जानी चाहिए।खेल सचिव नीरज के पवन ने शिवचरण माली की अपील पर 23 मई की सुनवाई नियत की थी सुनवाई के बाद नीरज के पवन ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उप रजिस्ट्रार सहकारिता करौली की कार्यवाही पर रोक लगा दी एवं जिला क्रिकेट संघ करौली की पूर्व जिला क्रिकेट संघ की कमेटी को बहाल कर दियाकरोली क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक, अनिल शर्मा, अरुण शर्मा संजय पाल,पुष्पेंद्र शर्मा,गोपाल सिंह, रवि पाठक आदि क्रिकेट प्रेमियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। केस की अगली सुनवाई 30 मई को खेल सचिव के यहां पर होगी।

श्रमिकों को मिलेगा ऋण का लाभ

भरतपुर (निस)। नगर निगम भरतपुर क्षेत्र के सभी नागरिकों को सूचित किया गया कि राजस्थान सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत जरूरतमंद और असहाय शहरी परिवारों के लिए मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की गई है। नगर निगम के सचिव विजय प्रताप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य गिग वर्कर, ट्रांसपोर्ट वर्कर, घरेलू कामगार, भवन निर्माण श्रमिक, हॉकर, वेस्ट वर्कर, रैगपिकर और दस्तकार जैसे उन लोगों को आर्थिक सहायता देना है जिन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। योजना के अंतर्गत 18 से 60 वर्ष तक के पात्र व्यक्तियों को अधिकतम रू 80,000 तक का ऋण बैंक के माध्यम से तीन चरणों में मिलेगा रू 10,000 (12 माह), रू 20,000 (18 माह) और रू 50,000 (36 माह)। इस पर सरकार द्वारा 7: ब्याज छूट भी प्रदान की जाएगी।

खुशहाली की कामना की

हलैना भरतपुर (निस)। उलूपुरा में आयोजित हो रहे 5121 कुंडीय रुद्र महायज्ञ में कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने शिरकत की और महायज्ञ की पूर्णाहुति में आहुतियां प्रदान कीं। उन्होंने संत शोभानंद भारती समेत अन्य संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री मीणा ने प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने यज्ञ के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह कोई साधारण अनुष्ठान नहीं है। यह दिव्यता और तप की अखंड अग्नि शिखा है। इसमें आस्थाएं समर्पित होती हैं। डॉ मीणा ने इतने भव्य विशाल महायज्ञ की सफलता पर कहां कि इसको सार्थक बनाने में क्षेत्र की जनता को हार्दिक बधाई देता हूं। पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा बौराज, बृजेश मीणा सलेमपुर खुर्द, हरबीर सिंह बाछरेन, राजूराजा, राहुल मीणा, भाग्यश्री मीणा, हुकुम सिंह पूर्व सरपंच झारौठी, कप्तान सिंह घाटरी, लालाराम मीणा, विष्णु मित्तल, राजेश पचौरी, रमाकांत लाटा,मोहन जोशी,हरदेव कुमार कटारिया, मुन्ना गर्ग आदि ने संत सेवा और मानव सेवा की।

'मन की बात' का प्रसारण आज

भरतपुर (निस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' का 122वां संस्करण का प्रसारण पूरे देशभर में किया जाएगा। पूरे देष के 19 राज्यों में विषेश प्रसारण के लिए एक-एक स्थान चुना गया है, जिसके तहत राजस्थान राज्य से भरतपुर जिले का शहरमंण्डल, भरतपुर को चुना गया है। यहां 122वें संस्करण का लाइव प्रसारण 25 मई को प्रातः 11 बजे होगा। यह लाइव प्रसारण हीरादास स्थित शहर मण्डल कार्यालय चौधरी मैरिज होम में किया जावेगा। 'मन की बात' कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने हेतु दिल्ली से आई टीम के साथ शहर मण्डल अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक चौधरी मैरिज होम में की गई।

कार्यकारिणी बैठक

भरतपुर (निस)। पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार राजस्थान पेंषनर समाज भरतपुर की जिला कार्यकारिणी एवं उप शाखाओं के अध्यक्ष/मंत्री के साथ अध्यक्ष डोरीलाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिले में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों के सम्बन्ध में सीताराम वर्मा जिला मंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि बैठक में आरजीएचएस योजनान्तर्गत अधिकृत दवाई विक्रेताओं द्वारा दवाई नहीं देना व निजी औषधालय एवं अस्पताल द्वारा इलाज नहीं करने पर रोष व्यक्त किया, जिस पर जिलाध्यक्ष डोरीलाल शर्मा ने व्यवस्थाओं को सुधारने हेतु पेंषनर समाज की क्षेत्र वाईज कमेटी बनाकर योजना से अधिकृत दवाईयां नहीं देने वाले दुकानदारों की जानकारी कर तीन दिवस में सूची उपलब्ध कराने बावत कमेटियों का गठन किया गया।

मीटिंग के बाद जिलाध्यक्ष डोरीलाल शर्मा के नेतृत्व में उप शाखाओं के अध्यक्ष कमलकान्त शर्मा, मवासीराम सैन, गोविंद प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ कार्यकारिणी पदाधिकारी मोहनलाल पाराषर, सुखवीर सिंह सोलंकी, नरोत्तम लाल लवानियां आदि पदाधिकारियों के साथ जिला कलक्टर को अवगत कराया।

गृह राज्य मंत्री ने किए पेयजल की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए11 ट्यूबवेल

डीग भरतपुर (निस)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गर्मी के सीजन के दृष्टिगत अपने विधानसभा क्षेत्र नगर में पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 11 ट्यूबवेल सैंक्शन किए है। 'अधिकारी वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर निर्बाध और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें' गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि नगर विधानसभा में पेयजल आपूर्ति को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आमजन को पेयजल संबंधित समस्याओं का सामना न करना पड़े।

जलदाय विभाग के अधिकारी वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर निर्बाध और नियमित पेयजल आपूर्ति के लिये प्रयास करें। आवश्यकता होने पर नगर विधानसभा क्षेत्र में ओर भी सैंक्शन जारी किए जाएंगे ताकि पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डीग इशू नारंग ने बताया कि गृह राज्य मंत्री श्री बेढ़म के निर्देशन में मुख्य अभियंता ग्रामीण जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर ने डीग जिले के नगर विधानसभा के विभिन्न गांवों में 150 मिमी व्यास के 11 एकल चरण ट्यूबवेल के निर्माण और कमीशनिंग के कार्य के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। इससे क्षेत्र में आमजन को निर्बाध पेयजल सप्लाई मिल सकेगी।

ट्यूबवेल ग्राम रानौता, सीकरी, मानौता कलां और जटेरी की गुफ़ा (बाग की ढाणी) में सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे जबकि ग्राम निहाय में ओमप्रकाश भगत मेमोरियल स्थल, ग्राम टिब्बा साहेब में गुरुद्वारा, ग्राम मवई में चंदन सिंह का बारा, ग्राम झुल्का में मंदिर के पास, ग्राम आलमशाह में कुंडा मंदिर, पान्हौरी में काएका मंदिर और सेमली में मंदिर व गौशाला में ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। बेढ़म द्वारा 24 सोलर नलकूप के लिए 02 करोड़ 65 लाख 20 हजार 606 रुपए के प्रस्ताव भिजवाए गए'

इसके अतिरिक्त गृह राज्य मंत्री बेढ़म द्वारा 02 करोड़ 65 लाख 20 हजार 606 रुपए की लागत से नगर में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सोलर सिंगल फेस एकल बिंदु नलकूप (150 एमएम) 24 स्थानों पर लगाए जाने के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने के लिए मुख्य अभियंता ग्रामीण जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर को निर्देशित किया गया है।

सोलर नलकूप ग्राम पंचायत मूडोती के ग्राम बाजाहेड़ा में देवनारायण मंदिर के पास, ग्राम पसोपा में घोघोर रोड मंदिर के पास, घडीमेवात के ग्राम जटेरी में पहाड़ों के बीच (मोनी बावा) मंदिर, ग्राम मानौता में श्याम मंदिर के पास, ग्राम जनूथर में चाँवड़ मंदिर के पास, ग्राम पंचायत बेढ़म के डमारा में झूल देवी मंदिर के पास, ग्राम गुहाना में हनुमान मंदिर खोह रोड के पास, जयश्री में पटपन विहार, ग्राम पंचायत सेमला कला के ग्राम झीतरेडी में करघाहेडी मंदिर के पास, खखावली में बड़ा मंदिर के पास, ग्राम पंचायत जलालपुर के ग्राम उदयपुर निहाम में सेवल मंदिर के पास, ग्राम पंचायत सिरथला के ग्राम सिरथला में खाटू श्याम जी का मंदिर व ग्राम भावली में उच्चौन वाले बाबा का मंदिर, रसिया में राधा कृष्ण कुंडा मंदिर, खेड़ली में मंदिर व स्कूल के पास, पीलूकी में पीलूकी मंदिर, आलमशाह में कुंडा मंदिर के पास, बेरू में मंदिर बस स्टैंड के पास, पेंडका में श्रीनाथ बाबा का मंदिर, सुंदरावली में राम जानकी आश्रम मंदिर, बुर्जा में भेरू बाबा मंदिर और पूंछरी में पोखर वाला मंदिर के पास लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। बेढ़म द्वारा निर्बाध और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 15 हैंडपंप की एक ओर लिस्ट मुख्य अभियंता ग्रामीण जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर को भिजवाई जा रही है।

निकाली तिरंगा रैली

हिंडौन सिटी। पाकिस्तान द्वारा पहलगाम में कराए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर पाकिस्तान में किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में शनिवार को सजीव झांकियों के साथ शहर के विभिन्न मार्गों से तिरंगा यात्रा निकाली गई। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों पर किए गए हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया। जिसकी सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जिसको लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के हिंडौन मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गो से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान शहर के मोहन नगर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय से भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, भारतीय सेवा के सेवानिवृत कर्नल, लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष हेमेंद्र वशिष्ठ, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष लज्जा रानी अठावाल, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, भाजपा नेता अशोक पाठक, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर हेमलता सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला व मंडल के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जिन्होंने भारत माता के और भारतीय सेवा के शौर्य और पराक्रम की जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा शुरू की। जो शहर के अस्पताल मार्ग, मनीराम पार्क, शीतला चौराहा, डेम्प रोड, चौपड़ सर्कल, बयाना मोड, नई मंडी, जैन मंदिर रोड, टेलिफोन एक्सचेंज चौराहा होते हुए फिर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहन नगर पहुंची। जहां एक सभा का भी आयोजन हुआ। इस दौरान मौजूद भाजपा नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना की पराक्रम और शौर्य को सलामी देते हुए इसे आतंकवाद पर भारत की जीत बताया और कहा कि देश की मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त और कठोर कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की ओर से दिए गए मुंहतोड़ जवाब के बाद अब आतंकियों के हौसले पस्त हो चुके हैं।

भागवत पुराण कथा 1 जून से

भरतपुर (निस)। गायत्री परिवार के तत्वावधान में श्रीमद भागवत पुराण कथा 1 जून से सामुदायिक भवन डी ब्लॉक जवाहर नगर भरतपुर में प्रारम्भ होगी। सं्योजक विष्णु लोहिया ने बताया कि कथावाचक भगवानदास राम भक्त अपनी दिव्य वाणी से कथा का श्रवण करायेंगे। कथा का समय प्रत्येक दिन दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक रहेगा इसकी मंगल कलष यात्रा 1 जून को सुबह 7 बजे अठासेन पार्क डी ब्लॉक जवाहर नगर से प्रारमभ होकर कथा स्थल पर पहुँचेगी। कथा के मुख्य यजमान राधेलाल गोयल एवं अषोक कुमार गोयल सपत्नीक होंगे, भव्य कलष यात्रा में भाग लेने वाली महिलाएँ यथा सम्भव पीले वस्त्र या लाल चुनरी की साडी पहनकर आवें एवं कलष, नारियल, ऐंडई अपने साथ लावें, 8 जून को हवन पूर्ण आहूति एवं भोजन प्रसादी के साथ भागवत कथा विराम लेगी। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं हेतु विस्तार से चर्चा कर अन्तिम रूप दिया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान राधेलाल गोयल, शकुन्तला गोयल, अषोक कुमार गोयल, सुषमा रानी अठावाल, प्रमुख समाजसेवी मोहन मित्तल, विनोद मेडीकल, प्रेम गोयल, आलोक बंसल, विनय चौधरी आदि मौजूद रहते।

'मंदिर में फूहड़ गानों पर होगी कार्रवाई'

भरतपुर (निस)। भरतपुर शहर के आराध्यदेव मंदिर बिहारी जी मंदिर परिसर में फूहड़ गानों पर डांस करने एवं पार्टी मनाने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में बैकग्राउंड में अश्लील गाने बजाए जा रहे हैं। डांस करते लोगों के बीच मंदिर के पुजारी भी दिख रहे हैं, जिसको लेकर श्रद्धालुओं ने आपत्ति जताई है। जोकि लोगों के धार्मिक आस्था एवं भावनाओं के साथ कुठाराघात हैं इस मामले को लेकर देवस्थान विभाग की ओर से मथुरा गेट पुलिस थाना पर रिपोर्ट दर्ज करा दी है लेकिन पुलिस की ओर से जांच कार्यवाही शुरू नही हुई है।

देवस्थान विभाग के आयुक्त मुकेश मीणा का कहना है ऐसा वीडियो मेरे संज्ञान में आया है। वीडियो को देखकर लगता है यह वीडियो पुराना है। क्योंकि पिछले तीन महीनों में मंदिर में इस तरह की सजावट नहीं हुई है। हालांकि इस वीडियो की जांच की जा रही है। मंदिर में इस तरह डांस करना गलत है। पुष्टि होने के बाद वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। वीडियो की हर एंगल से जांच होगी।

आयुक्त ने बताया कि वीडियो में मंदिर के पुजारी मनोज भी दिखाई दे रहे हैं। मंदिर में दो गार्ड भी तैनात किए गए हैं, लेकिन बड़ी बात यह है कि उनके रहते हुए भी यहां लोग डांस कैसे कर सकते हैं। इसलिए वीडियो को लेकर हर एंगल पर जांच की जाएगी। किले स्थित बिहारी जी का मंदिर ऐतिहासिक मंदिर है। यह मंदिर जिले का दूसरा बड़ा मंदिर है। जिसमें रोजाना हजारों की संख्या में लोग दर्शन के लिए आते हैं।

वीडियो सामने आने के बाद जिला कलक्टर ने देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त को प्रकरण की जांच कराने एवं रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। जिसके बाद देवस्थान विभाग के कर्मचारियों ने मथुरा गेट थाने में मामला दर्ज कराया है।

मथुरा गेट थाना पुलिस के अनुसार नवल सिंह पुत्र जगमोहन सिंह कर्मचारी देवस्थान विभाग ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 23 मई 2025 को जो वीडियो सोशल मीडिया पर आत्मनिर्भर मंदिर श्रीबिहारी किला भरतपुर के परिसर में चल रहे अश्लील डांस वायरल हो रहा है। संज्ञान में आया है कि पूजा सेवा के कार्य के लिए अंशकालीन पुजारी मनोज भारद्वाज को पूर्व से ही नियुक्त किया हुआ है। मंदिर परिसर में इस तरह का कृत्य आस्था एवं मंदिर मयांदा के खिलाफ है। वीडियो में दिखाई दे रहा पुजारी का भाई कृष्ण माधव है। जो कि मंदिर ट्रस्ट का अध्यक्ष है। अन्य लोगों को नहीं जानते हैं। मथुरा गेट थाने में दिए परिवाद में नवल सिंह पुत्र जगमोहन सिंह, मनोज शर्मा, विशंभरदयाल कनिष्ठ सहायक, शिवनारायण सिंह कनिष्ठ सहायक, सूरजनभान तिवारी के हस्ताक्षर शामिल हैं।